भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 5948
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में घरेलू और विदेशी पर्यटकों का आगमन

5948. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गुजरात में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं;

(ख) यदि हाँ, तो क्या गुजरात देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गुजरात में आये घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या का पर्यटन स्थल-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) गुजरात के इन पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): गुजरात राज्य सहित पूरे भारत में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों और पहाड़ों, समुद्र तटों और जंगलों से युक्त विविध भौगोलिक परिदृश्य के लिए जाना जाता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के पर्यटन के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाता है। यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) 2024 के अनुसार, भारत वैश्विक स्तर पर 39वें स्थान पर है और सार्क देशों में प्रथम स्थान रखता है।

भारत पर्यटन कंपेंडियम 2025 के अनुसार, गुजरात घरेलू पर्यटकों की संख्या के मामले में देश में आठवें स्थान पर और विदेशी पर्यटकों की संख्या के मामले में तीसरे स्थान पर है, जो दर्शाता है कि गुजरात में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023-2025 के दौरान गुजरात के शीर्ष 10 पर्यटन स्थलों पर आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या (डीटीवी और एफटीवी) **अनुबंध** में संलग्न है।

पर्यटन स्थलों और उत्पादों की पहचान, विकास और प्रचार मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय केंद्रीय क्षेत्र की अपनी योजनाओं, जैसे प्रशाद, स्वदेश दर्शन 2.0, चुनौती आधारित गंतव्य विकास आदि के माध्यम से राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि उसने राज्य भर में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए एक व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है। प्रमुख चिह्नित पर्यटन स्थलों का आवश्यक पर्यटन अवसंरचना और आगंतुक संबंधी सुविधाओं के साथ विकास किया जा रहा है या विकसित किया जा चुका है, जिनमें पहुंच मार्ग, पार्किंग, स्वच्छता सुविधाएं, पेयजल, संकेतक, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रावधान और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं।

गुजरात सरकार गंतव्य-विशिष्ट पहलों के अलावा, विषय आधारित पर्यटन परिपथ और पारिस्थितिकीय पर्यटन के विकास, विरासत संरक्षण के लिए परियोजनाएं कार्यान्वित कर रही है। इसके अतिरिक्त, कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना और पर्यटकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना भी सरकार की दृष्टि में है।

*****

अनुबंध

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा गुजरात में घरेलू और विदेशी पर्यटकों के आगमन के संबंध में दिनांक 30.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 5948 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

गुजरात के शीर्ष 10 पर्यटन स्थलों पर वर्ष 2023-2025 के दौरान आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या (डीटीवी और एफटीवी)

क्र.सं.	जिला का नाम	स्थान	2023		2024		2025	
			डीटीवी	एफटीवी	डीटीवी	एफटीवी	डीटीवी	एफटीवी
1.	अहमदाबाद	अहमदाबाद शहर	19,136,609	521,033	24,648,292	715,761	26,844,462	757,035
2.	बनासकांठा	अम्बाजी मंदिर	13,837,140	229,547	16,522,436	203,566	18,062,967	203,729
3.	खेड़ा	श्री रणछोड़रायजी महाराज मंदिर, डाकोर	2,347,284	54,379	5,321,592	52,344	16,530,965	77,859
4.	देवभूमि द्वारका	द्वारका मंदिर	7,922,506	116,026	10,055,550	107,527	14,156,105	118,620
5.	गिर-सोमनाथ	सोमनाथ मंदिर	9,102,478	110,194	9,132,967	117,137	11,251,136	122,142
6.	पंचमहल	पावागढ़ मंदिर	8,121,801	77,282	7,929,631	70,055	10,075,307	77,550
7.	अहमदाबाद	कांकरिया लेकफ्रंट	7,779,424	95,050	5,705,325	94,994	7,640,385	97,156
8.	नर्मदा	एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी)	3,690,649	40,778	5,170,457	34,767	6,831,821	44,970
9.	देवभूमि द्वारका	नागेश्वर ज्योर्तिलिंग	-	-	-	-	6,687,550	21,251
10.	सूरत	सूरत शहर	5,875,186	85,597	6,594,292	81,969	6,593,770	82,782

*****